हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार 11 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 14.0 डिग्री

न्यूनतम 4.0 डिग्री

11 आत्मनिर्भर हरियाणा की नींव स्किल्ड युवाओं से...



11 टीक के उदयवीर ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप...



## खबर संक्षेप

### 410 ग्राम चरस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने दादी सती रोड पर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 410 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि दादी सती रोड पर एक व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों को इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते काबू कर लिया है।

### गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना सिविल लाइन कैथल क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर, सरकारी पशु अस्पताल के नजदीक गली में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे तोड़कर बैटरी व गाड़ी से नकदी चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पटेल नगर कैथल निवासी सतीश कुमार की शिकायत अनुसार 7 जनवरी की सुबह पटेल नगर निवासी नागरिकों ने देखा कि गली में खड़ी गाड़ियों के शीशे टूटे हुए हैं।

### सोशल मीडिया पर दी अधिवक्ता को धमकी

**जींद।** सोशल मीडिया पर अधिवक्ता पर अभद्र टिप्पणी करने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिवक्ता नरेंद्र अत्री ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि की सैनी मोहल्ला निवासी भारत भूषण ने दस दिसंबर से तीस दिसंबर तक सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते टिप्पणी की।

### वाटिका से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** आशीर्वाद वाटिका पाई से चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। गांव पाई के जगदीश प्रकाश ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जनवरी को कर आशीर्वाद वाटिका पाई ने घुसकर वहां पर रख पतीले, ढक्कन, ट्रे, परांत व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चहेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव हरीगढ़ में नहरी नाली तोड़ने का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हरिगढ़ निवासी शीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हिसार आयुक्त के आदेश पर उन्हें नहरी पानी नाली मिली हुई है। उनके पड़ोसी कृष्ण परिवार ने नाली को नष्ट कर दिया। जिससे उसकी बिजी गेहूं फसल खराब हो गई।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** बस स्टैंड तारांवली पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव अगोंद के रघुवीर सिंह ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जनवरी को जब वह तारावाली के बस स्टैंड पर खड़ा था तो जसपाल, अमृतपाल, संदीप, मनजीत, सेवा और कश्मीर ने साथियों के साथ मिलकर लाठी और डंडों से मारपीट करते उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### गांव कालवा से पंचायती बिजली मोटर चोरी

**जींद।** गांव कालवा से पंचायती बिजली मोटर गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव कालवा के सरपंच सलिंद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा सबमर्सिबल लगाया हुआ था। बीती रात चारों ने उसकी सात एचपी की मोटर को चोरी कर लिया है।

# पोर्टल का कमाल, वैध कॉलोनियां बनी अवैध, शहरवासियों में मचा हड़कंप

## *नप अधिकारियों ने कहा : लोगों को बिलकुल घबराने की जरूरत नहीं, जांच के बाद सही कर दिया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकार द्वारा एनडीसी पोर्टल पर दिए ब्योरे में शहर की कई वैध कॉलोनियों में बने मकान और प्लाट को अवैध दिखा दिया गया है। जिससे शहरवासियों में हडकंप मच गया है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि लोगों को इस बारे में घबराने की जरूरत नही है। जो कालोनियां वैध हैं, उनका गजट नोटिफिकेशन हुआ है, उनको कोई भी अवैध नहीं बता सकता है। जल्द ही सर्वे होगा, उसमें जो त्रुटियां होंगी। वह ठीक हो जाएंगी। बावजूद इसके लोगों में परेशानी बनी हुई है। पिछले सात दशक से ज्यादा समय से जो कालोनियां और मार्केट सरकार ने वैध घोषित कर रखी थी, सरकार के एनडीसी पोर्टल पर अब वह भी अवैध घोषित हो गई हैं। पोर्टल पर इन क्षेत्रों के अवैध घोषित हो जाने के बाद अब यहां की जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं हो पाएगी। वर्षों से रह रहे लोग जिन्होंने नगर परिषद से नक्शा पास करवाया है। नियमित रूप से हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं। उनके बिजली व पानी के कनेक्शन भी वैध रूप से ले चुके हैं लेकिन अब उनके मकान पोर्टल पर अवैध दिखाई देने से परेशानी बढ़ गई है। इससे लोगों में भ्रम और चिंता की स्थिति भी बनी हुई है। यहां रह रहे लोगों को डर सता रहा है कि इस गलती का असर भविष्य में उनके मकान की रजिस्ट्री, बैंक लोन या अन्य सरकारी सुविधाओं पर न पड़ जाए। एनडीसी पोर्टल पर प्रत्येक कॉलोनी की स्थिति, उसका वैध दर्जा, प्लाटों की संख्या और अन्य बुनियादी जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं ताकि लोगों को अपने मकान और कॉलोनी से जुड़ी स्थिति स्पष्ट रूप से पता चल सके।



**जींद।** वह मार्केट, जिसे एनडीसी पोर्टल पर अवैध दिखा दिया गया है।

#### ठीक की जा रही त्रुटियां

नप के कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी ने कहा कि जो कालोनियां वैध हैं, वह वैध ही हैं। कुछ लोगों की प्रोपर्टी में कुछ करेक्शन हैं, जो ठीक की जा रही हैं। जो कालोनियां वैध हैं, उनका गजट नोटिफिकेशन हुआ है, उनको कोई भी अवैध नहीं बता सकता। किसी को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। जल्द ही सर्वे होगा, उसमें जो त्रुटियां होंगी, वह ठीक हो जाएंगी।

#### पोर्टल पर ये दिखाए अवैध

शहर के माल गोदाम रोड, रेलवे रोड, ज्ञान तारा रोड, मीट मार्केट व दरगाह मार्केट को अवैध दिखाया गया है। दरगाह मार्केट वर्ष 1984 में शुरू हुई थी। वहीं वर्ष 1954 में चल रहे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के साथ लगती जमीन को भी अवैध दर्शाया गया है। इसके अलावा वर्ष 1995 से पहले की कॉलोनी भी अवैध दिखाई गई है। ऐसे में पोर्टल पर सामने आई कई त्रुटियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए नप कार्यालय में शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नागरिक अपने दस्तावेज, रजिस्ट्री नक्शा पास की प्रतियां और टैक्स रसीदें लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं लेकिन स्पष्ट समाधान न मिलने से लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। नप के अनुसार एनडीसी पोर्टल पर डाटा अपलोड किया गया था। इनमें कुछ तकनीकी और अन्य त्रुटियां रह गई हैं। इसलिए आमजन को घबराने की जरूरत नहीं है और जिन मकानों को गलती से अवैध दिखाया गया है उन्हें जांच के बाद सही कर दिया जाएगा।



**कैथल।** एंटी व्हीकल थेप्ट स्टाफ पुलिस गिरफ्त में लूट मामले के तीनो आरोपी

# महिला से जेवर छीनने वाले तीन आरोपी काबू

*सोने की बालियां व गले का सोने का ओम छीन लिया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला से ई-रिक्शा में लूट की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते कार्रवाई दौरान एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा तीन आरोपियों को काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव देवीगढ़ निवासी सुरेश कुमार की शिकायत अनुसार 5 जनवरी उसकी माता सोना देवी (उम्र लगभग 75 वर्ष) खेत-बाड़ा से अपने घर लौट रही थीं। जब वह गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुंचीं तो एक अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शा लेकर आया और उन्हें घर छोड़ने का झांसा देकर ई-रिक्शा में बैठा लिया। करीब 200 मीटर आगे चलने के बाद रास्ते में दो अन्य युवक ई-रिक्शा में सवार हो गए। तीनों ने मिलकर बुजुर्ग महिला को इधर-उधर घुमाया और जब महिला ने उतरने की कोशिश की तो ई-रिक्शा नहीं रोका गया। इसी दौरान एक आरोपी ने महिला का मुंह दबा लिया, दूसरे ने टांग पकड़ ली और तीनों ने मिलकर उनके कानों की सोने की बालियां व गले का सोने का ओम छीन लिया।

#### चाकू दिखा धमकाया

चाकू दिखाकर धमकाने के बाद आरोपियों ने महिला को कुतुबपुर रोड स्थित रेलवे फाटक के पास ई-रिक्शा से धक्का देकर नीचे फेंक दिया। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। एसपी उपासना द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ को जल्द से जल्द आरोपियों का पता लगाकर काबू करने के आदेश दिए गए थे। आदेशों पर खरा उतरते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम ने आरोपी सुभाष नगर कैथल निवासी रविंद्र, सीवन निवासी अजय व आशु को काबू कर लिया गया। पूछताछ दौरान खुलासा हुआ की आरोपियों ने उक्त लुटे गए सोने के आभूषण सीवन की एक प्राइवेट बैंक में जमा करवा दिए थे। बैंक को नोटिस दिया गया है,

### दो माह से नागरिक अस्पताल में चल रहा रेनोवेशन का काम

# डिप्टी स्पीकर के निर्देश भी नहीं खुलवा पाए अस्पताल में शौचालयों से ताले

## *पिछले दिनों शौचालयों को लेकर लगाई थी निर्माण ठेकेदार की क्लास*

**अस्पताल से टॉयलेट वैन गायब, मरीजों को हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शौचालयों को लेकर समस्या हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के निर्देशों के बाद भी दूर नही हो पाई है। गत आठ दिसंबर को अस्पताल में चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य के निरीक्षण के लिए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे थे। उन्होंने शौचालयों को लेकर आ रही परेशानी को लेकर जायजा लिया था और ठेकेदार की क्लास तक लगाई थी। बाकायदा डिप्टी स्पीकर ने सीएमओ व निर्माण ठेकेदारों से जवाब-तलबी भी की थी। डिप्टी स्पीकर ने तुरंत प्रभाव से निर्देश दिए कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा कर शौचालयों को दुरूस्त करवाया जाए। डिप्टी स्पीकर के निर्देश पर टॉयलट वैन को तुरंत प्रभाव से खड़ा करवा दिया गया था ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न आए। अब न तो अस्पताल में कहीं टॉयलेट वैन है और न ही आज तक भी पुरानी बिल्डिंग में स्थित शौचालय शुरू हो पाए हैं। नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग का 14.91 करोड़ से लगभग साढ़े तीन माह पहले जीर्णोद्धार कार्य शुरू हुआ था। तब यह कहा गया था कि लगभग डेढ़ माह में ही इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा लेकिन समय अवधि बढ़ती गई और अस्पताल में आने वाले मरीजों, स्वास्थ्यकर्मियों की परेशानी भी बढ़ती चली गई। यहां सबसे जरूरी महिलाओं व पुरूषों के लिए शौचालयों का रेनोवेशन का कार्य एकसाथ शुरू कर दिया गया। इस बारे में किसी ने नही सोचा कि शौचालय रेनोवेशन के दौरान यहां आने वाले मरीजों व तिमारदारों को शौचालय का अस्थायी प्रबंध किया जाए। जैसे-तैसे लोगों ने समस्या को झेला और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंची थी। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने गत आठ दिसंबर को पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण किया और वह सबसे पहले शौचालय में गए और जांच की। यहां निर्माण ठेकेदार की क्लास लगाई और निर्देश दिए कि जब तक टॉयलेट का निर्माण कार्य पूरा नही होता है तब तक टॉयलेट वैन का प्रबंध किया जाए। इसके अलावा जल्द से जल्द इन शौचालयों के रेनोवेशन को पूरा कर इसे शुरू कर दिया जाए। बाकायदा मौके पर मौजूद रहे पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईन, एसडीओ व ठेकेदार को लताड़ लगाई और सभी जगह पर चले काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।



गत आठ दिसंबर को अस्पताल का निरीक्षण करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

#### मरीज भटकने को मजबूर

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के दिशा-निर्देश और लताड़ का किसी पर कोई फर्क नही पड़ा। आजतक न तो शौचालय का रेनोवेशन कार्य पूरा हो पाया और न ही शौचालय पर से ताले खुल पाए। इसके अलावा दस से 15 दिन तो टॉयलेट वैन अस्पताल में मौजूद रही। अब वो भी गायब हो चुकी है। ऐसे में स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में आने वाली महिलाओं व पुरूषों को कितनी परेशानी उठानी पड़ रही है। असपताल आए लोगों का कहना है कि सरकार करोड़ों रुपये बिल्डिंग के जीर्णोद्धार पर लगा रही है लेकिन लेकिन बुनियादी सुविधाओं जैसे शौचालयों की सुविधा उपलब्ध नही करवा पाई है। एक मरीज के परिजन ने बताया कि डिप्टी स्पीकर ने तो ठेकेदार को डांटा था लेकिन यहां कुछ नही बदला। ताले वैसे के वैसे लटके हुए हैं और टॉयलेट वैन गायब है। मरीज क्या करें, कहां जाएं।

#### अधिकारियों से की जाएगी जवाब-तलबी

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अस्पताल में अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करवाई गई थी। फिलहाल वो प्रदेश से बाहर हैं। आने के तुरंत बाद इस पर कार्रवाई की जाएगी। आठ दिसंबर को ठेकेदार, स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। अगर अबतक नही हुई है तो जवाब-तलबी की जाएगी।

#### शौचालय शुरू करवाने के लिए कहेंगे

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि उन्होंने संबंधित निर्माण ठेकेदार को कई बार शौचालय रेनोवेशन कार्य को पूरा कर इसे आमजन के लिए शुरू करने के लिए कहा है। अबतक भी शौचालय पर ताले हैं। वो फिर से निर्माण विभाग, ठेकेदार को इस बारे में बोलेंगे। उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द शौचालय आमजन के लिए खोल दिए जाएं। नगर परिषद से यहां अस्थायी शौचालय वैन को खड़ा करने के लिए लिखा जाएगा।



### जलनिकासी न होने के कारण राहगीर परेशान

**राजौंद।** नगर के पशु अस्पताल को जाने वाली गली में पानी की निकासी न होने के कारण लोगों को बड़ी परेशानी आ रही है। आलम यह है कि सर्दी के मौसम में हर समय गली में पानी भरा रहने से घरों से निकलना भी मुश्किल होकर रह गया है। राजेश ने बताया कि इसको लेकर कई बार बाहर प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन न तो नालियों की सफाई की जा रही है और न ही पानी की निकासी ही की जा रही है। घरों से निकलने वाला सारा पानी यही गली में भरा रहता है। जिससे उनका घर से निकलना भी मुश्किल होकर रह गया है। आलम यह है कि पानी से जब दुर्गंध आती है तो घर में बैठना भी मुश्किल हो जाता है दूसरा यहां से पानी ज्यादा होने पर गली से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। उसने प्रशासन से मांग की है कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए।

# अनूपगढ़ में संदिग्ध हालात में महिला ने लगाया फंदा

*शिकायत के आधार पर छह पर दहेज-हत्या का मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अनूपगढ़ में संदिग्ध हालात में महिला ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मायका पक्ष ने आरोप लगाया कि दहेज की डिमांड पूरी न होने से महिला आत्महत्या के मजबूर हुई है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अनूपगढ़ निवासी प्रदीप की पत्नी पूनम (30) ने शनिवार को सुबह संदिग्ध हालात में अपने घर मे फांसी का फंदा लगा लिया। जिसे फंदे से उतार कर नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के भाई गांव खांडा निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पूनम की शादी चार साल पहले प्रदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन पूनम को दहेज के लिए तंग कर रहे थे। इसी बीच पूनम ने लड़के को भी जन्म दिया। बावजूद इसके दहेज को लेकर पूनम का उत्पीड़न जारी रहा। जिसको लेकर पंचायत भी हुई। आरोप लगाया कि ससुरालीजनों को से परेशान हो पूनम ने कदम उठाया है। सदर थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति प्रदीप, सास संतरो, जेठ काला, जेठानी मीना, बिल्लू तथा उसकी पत्नी पूजा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**जींद।** मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

#### मामले की जांच जारी

सदर थाना के जांच अधिकारी भगवत दयाल ने बताया कि मृतका के भाई ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



**कलायत।** केमिस्ट एसोसिएशन की आपात बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

#### आरोपितों पर जल्द कार्रवाई की मांग उठाई

**कलायत।** केमिस्ट संचालक अमित गुप्ता पर एक महिला सहित तीन लोगों द्वारा लाठियों से हमला कर 85 हजार की लूट किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर आपराधिक घटना को लेकर केमिस्ट संचालकों में भारी रोष व्याप्त है। मामले में ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को केमिस्ट एसो की आपात बैठक आयोजित की। जिसमें क्षेत्र के अनेक केमिस्ट संचालक और संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसकी रहनुमाई संगठन प्रधान आनंद शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक हमलावरों का कोई ठोस सुराग लगाने में विफल रही है। इससे न केवल केमिस्ट संचालकों में भय का माहौल है। बल्कि आम नागरिकों में भी असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो संगठन को मजबूरन आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे।आनंद शर्मा ने कहा कि कलायत क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी, लूट और हमले जैसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### सूर्य भगवान के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है पर्व, देश में विशेष महत्व

# 23 साल बाद मकर संक्रांति व पिट्तला एकादशी एक साथ, बन रहा पुण्यकारक व लाभदायक संयोग

*देश की संस्कृति व सभ्यता को उजागर करता है पर्व*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि पर्व एवं त्योहार प्रत्येक देश की संस्कृति तथा सभ्यता को उजागर करते है। यहां पर्व, त्योहार और उत्सव सभी प्रदेशों में अलग-अलग ढंग से मनाए जाते हैं। मकर संक्रांति का पर्व हमारे देश में विशेष महत्व रखता है। सूर्य भगवान जब धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब इस पर्व को मकर संक्रति पर्व कहा गया है। 14 जनवरी को दोपहर बाद 3 बजकर 06 मिनट पर सूर्यनारायण मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस क्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी को प्रातः सूर्योदय के साथ ही प्रारंभ हो जाएगा। पुजारी ने कहा कि इस बार मकर संक्रांति पर विशेष योग बन रहे है। मकर संक्रांति व पिट्तला एकादशी का यह संयोग अबकी बार 23 वर्ष बाद होने जा रहा है। अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, सौभाग्य योग इन तीनों योगों का संयोग भी बहुत ही पुण्यकारक व लाभदायक है। ये सभी योग पर्व की महिमा को बढ़ा देते हैं। इस दिन किए गए जप, दान स्नान व अन्य पुण्य कर्म का फल हजारों गुना बढ़ जाता है। लोहड़ी का पर्व 13 जनवरी को मकर संक्रांति से ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है। जिसके घर में संतान हुई हो या शादी के बाद पहली लोहड़ी हो, फिर तो बड़े ही खुशियों के साथ इस पर्व को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कहते हैं इस दिन लोहिता नाम की राक्षसी को भगवान श्री कृष्ण ने गति प्रदान की थी। शाम के समय में अग्नि प्रज्वलित की जाती है। इस दिन से रातें छोटी होने लगती हैं और दिन बड़े होने लग जाते हैं। यह पर्व नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने व सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने का प्रतीक है। आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। लोहड़ी पर्व कठोर सर्दी खत्म होने व बसंत के आगमन का संकेत करता है।



जींद। पुजारी अशोक शर्मा।

#### कंबल, तिल, मूंगफली, घी, लकड़ी का करें दान

मकर संक्रांति के दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में विशेषकर प्रयाग (संगम) में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। संक्रांति पर्व पर दान करना बहुत शुभ माना गया है। कंबल, तिल, मूंगफली, घी, लकड़ी आदि का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा सूर्यादि नवग्रह अनुकूल होने लगते हैं, शुभ फल प्रदान करते हैं।

# प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने संभाला वीसी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के उच्च शिक्षा जगत में आज एक नए अध्याय की शुरुआत हुई, जब प्रख्यात शिक्षाविद, अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता और अनुभवी प्रशासक प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि, कैथल के पांचवें नियमित कुलगुरु के रूप में पदभार ग्रहण किया। हरियाणा राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा उनकी नियुक्ति, विवि को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। शनिवार प्रातः 11:00 डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय परिसर स्थित विवि कार्यालय में प्रो. अनायत का आगमन हुआ। उनका स्वागत विवि की प्राचीन परंपराओं के अनुसार किया। वेदपाठी आचार्यों ने स्वस्तिवाचन के साथ उन्हें कुलपति कक्ष तक पहुँचाया। कुलसचिव प्रो. संजय गोयल, प्रो. भाग सिंह बोदला और डॉ. जगत नारायण ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विवि परिवार की ओर से उनका अभिनंदन किया। स्पष्ट किया कि लक्ष्य विवि को केवल भाषा तक सीमित रखना नहीं है, अपितु प्राचीन ज्ञान का डिजिटलीकरण और संस्कृत के वैज्ञानिक सूत्रों को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना होगा।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 26 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** साधू आश्रम ईगराह में जोशी समाज सेवा समिति द्वारा स्वामी सूर्यानंद सरस्वती के 57वें जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक महिला सहित 26 युवाओं ने रक्तदान किया। समिति के प्रधान विनोद ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रपति अवार्डी सुभाष ढिगाना के सहयोग से किया गया। इसमें भाजपा नेता कैप्टन योगेश बैरागी, मार्कीटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियन्ता नवीन दहिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### किसान नेत्री पर धमकी देने का मामला दर्ज

**जींद।** इनेलो महिला विंग की जिलाअध्यक्ष को ऑडियो रिकार्डिंग भेज कर धमकी देने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर सदर थाना पुलिस ने किसान नेत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिलाअध्यक्ष सुदेश कंडेला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके व्हाट्सअप पर किसान नेत्री गांव सफाखेड़ी निवासी डा. सिक्कम की ऑडियो रिकार्डिंग आई। जिसमें डा. सिक्कम उसे गाली गलौज करते धमकी दे रही थी। सिक्कम ने उसके बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते उससे अनर्गल बातें की और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### भद्दे कमेंट्स करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना भद्दे कमेंट्स कर परेशान करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव करसिंधु निवासी विनोद ने गत 29 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव भंडेरी सोनीपत निवासी साहिल ने फर्जी नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई हुई है। जो उस आईडी से भद्दे कामेंट्स डाल रहा है। जिसके कारण उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर उचाना थाना पुलिस ने साहिल के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

### बच्चों को पिलाया जाएगा फ्री स्वर्ण प्राशन संस्कार

**जींद।** हनुमान मंदिर उचाना मंडी नजदीक रविदास मंदिर में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार पिलाया जाएगा। भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य डा. जितेंद्र गिल ने जानकारी देते बताया कि स्वर्ण प्राशन प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा है, जिसमें बच्चों को विशेष रूप से तैयार औषधि दी जाती है। यह औषधि स्वर्ण भस्म, गोघृत, मधु, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, जटामांसी जैसी दुर्लभ एवं गुणकारी जड़ी, बूटियों से बनाई जाती है।

### राज्य पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान नें जानकारी देते बताया हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संस्थाओं (एनजीओ) तथा अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा पोर्टल 12 जनवरी 2026 तक खोला गया है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

# आत्मनिर्भर हरियाणा की नींव स्किल्ड युवाओं से ही मजबूत होगी : डॉ. मिड्ढा

## *हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने किया एआई आधारित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ*

**युवाओं को मिले हरियाणा कौशल व डिजिटल स्किल्स के प्रमाण पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से शनिवार को एआई आधारित कंप्यूटर लैब शुरू की। लैब का शुभारंभ हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने किया। युवाओं को संबोधित करते कहा कि आत्मनिर्भर हरियाणा की नींव स्किल्ड युवाओं से ही मजबूत होगी। आज के समय में तकनीकी शिक्षा और स्किल डेवलप्मेंट युवाओं के लिए सबसे बड़ा हथियार है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल स्किल्स से जुड़कर युवा न केवल रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि भविष्य में रोजगार देने वाले भी बनेंगे। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, राजन चिलाना, डा. मनजीत आदि मौजूद रहे। कै योगेश बैरागी ने कहा कि हरियाणा का युवा अत्यंत प्रतिभाशाली है, आवश्यकता है उसे सही दिशा और आधुनिक तकनीक से जोड़ने की। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होते हैं। संस्था अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि नवस्थापित एआई कंप्यूटर लैब में युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल लिटरेसी एवं आधुनिक कौशल विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित होंगे।



लैब के शुभारंभ पर बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

**ये रहे मौजूद**

डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला ने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण से युवा न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगे बल्कि समाज और प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस प्रकार की एआई लैब युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेंगी। इस मौके पर डा. राजिंद्र कुमार, दीपिका भोला, राकेश श्योकंद, रघुबीर भारद्वाज, पवन कौशिक, अंकिता खटकड़, दर्शन सिंह ढांडा, सावर गर्ग, रामधन जैन, जयदेव अहिरका सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कोर्स वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे**

इन कोर्सों से हरियाणा कौशल रोजगार निगम की भर्तियों में युवाओं को अतिरिक्त अंकों का लाभ भी मिलेगा। इस अवसर पर एआई एवं डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल हुए विद्यार्थियों को हरियाणा कौशल के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि आज की शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नही रहनी चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल स्किल्स जैसे आधुनिक कोर्स युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन

# अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा वरिष्ठता के आधार पर लागू की जाए

## *खंड को भी विकल्प के रूप में खोला जाए*

**परिवार से दूर कार्यरत शिक्षक अपने गृह जिले में सेवा कर सकें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई गई ताकि लंबे समय से अपने परिवार से दूर कार्यरत शिक्षक अपने गृह जिले में सेवा कर सकें। ज्ञापन सौंपने से पहले जाट धर्मशाला में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जींद ब्लॉक प्रधान देवी दयाल चहल की अध्यक्षता में हुई। ज्ञापन के माध्यम से अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई ताकि लंबे समय से अपने परिवार से दूर कार्यरत शिक्षक अपने गृह जिले में सेवा कर सकें।उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा विभाग द्वारा सामान्य स्थानांतरण (जनरल ट्रांसफर ड्राइव) चलाई जा रही है। संघ का कहना है कि नई स्थानांतरण नीति में विद्यालय में पांच वर्ष एवं खंड में 15 वर्ष की बाध्यता स्वीकार्य है लेकिन जिन अध्यापकों का एक ही खंड में 15 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो चुका है, उन्हें स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल करते हुए उसी खंड को भी विकल्प के रूप में खोला जाए। यदि संबंधित अध्यापक मेरिट के आधार पर पात्र हो, तो उसे उसी खंड में स्थानांतरण का लाभ मिलना चाहिए।


जींद। मांगों को लेकर डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन सौंपते हुए अध्यापक।

**एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए**

जिला प्रधान जितेन्द्र बैनीवाल, जिला कोषाध्यक्ष अभिमन्यु रेढू ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के विषय में कहा कि संघ ने कर्मचारियों के आश्रित माता-पिता एवं अन्य परिजनों के लिए निर्धारित 42 हजार की आय सीमा को समाप्त कर असीमित करने की मांग की ताकि गंभीर बीमारी की स्थिति में कर्मचारियों को पर्याप्त आर्थिक राहत मिल सके। पूर्व राज्य सह संयोजक राजेश खरब ने कहा कि एसीपी लाभ को लेकर संघ ने मांग की कि सर्विस रूल्स 2016 के तहत एनसीटीई से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों को, 12वीं कक्षा में 45 प्रतिशत अंकों की शर्त पूर्ण होने पर, एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए। पूर्व जिला प्रधान रूपेन्द्र गोयत ने छात्र शिक्षक हित को ध्यान में रखते हुए कहा कि अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए। इकबाल सिंह ने अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई ताकि लंबे समय से अपने परिवार से दूर कार्यरत शिक्षक अपने गृह जिले में सेवा कर सकें। इस अवसर पर सफीदों ब्लॉक प्रधान वेद प्रकाश, अनिल, प्रमेश, राजेश रेढू, जोगिंदर सिंह, राममेहर, सुखबीर, जसबीर, मनजीत, विजय, मांगे राम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान**

**जींद।** हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने ब्लॉक प्रधान राजेंद्र ढांडा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के ऐतिहासिक फैसले को तुरंत लागू करवाना तथा ठेका प्रथा समाप्ति, पक्की नौकरी, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांगों को लेकर आगामी आंदोलनों में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान गांव बराह खुर्द, बराह कलां, तलोडा खेड़ी, मनोहरपुर सहित अन्य आसपास के गांवों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से व्यक्तिगत एवं सामूहिक संपर्क किया गया। कर्मचारियों को हाईकोर्ट के आदेश की मुख्य बातें समझाई गई। जिसमें 10 वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण कर चुके सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, छह प्रतिशत ब्याज सहित एरियर भुगतान और 26 फरवरी तक आदेश लागू करने के निर्देश शामिल हैं। यूनियन ने सभी सफाई कर्मचारियों से 19 जनवरी को जिला मुख्यालय जींद पर होने वाले जोरदार प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार पर कोर्ट आदेश तुरंत लागू करने का दबाव बनाया जाएगा। यूनियन ने सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से अपील की है कि वे दस्तावेज तैयार रखें और 10 वर्ष से अधिक सेवा वाले कर्मचारी नई याचिकाओं के लिए यूनियन कार्यालय से संपर्क करें।

# टीक के उदयवीर ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव टीक में जन्मे उदयवीर तंवर ने हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) में संपन्न हुई राष्ट्रीय 10 मीटर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीत कर अपने गांव टीक जिला कैथल व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रेस के नाम ब्यान जारी कर पहल सिंह तंवर प्रदेश अध्यक्ष एटक हरियाणा ने कहा कि उदयवीर ने 6-7-8 जनवरी को हैदराबाद में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप अंडर -14 वर्ग में सिल्वर मेडल जीत कर आए अपने परिवार व गांव टीक में खुसी की लहर दौड़ गई व परिवार जनों को जीत के बधाई संदेश आने से परिवार में त्योंहारों जैसी खुसी महसूस हो रही है।

पहल सिंह ने उदयवीर की जीत पर खुशी जाहिर करते कहा कि उदयवीर हंस राज पब्लिक स्कूल पंचकूला में 7 वीं कक्षा का विधार्थी है व सैक्टर -25 पंचकूला में शूटिंग नर्सरी में कोचिंग सेंटर में लगातार दो वर्ष से अभ्यास करते उदयवीर ने ओपन प्रदेश स्तरीय व राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप अंडर 14 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


कैथल। उदयवीर तंवर अपने साथी खिलाड़ियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### मेरठ में महिला की हत्या ने खोली सरकार की नीतियों की पोल

**जींद।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला कमेटी जींद, उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुई महिला सुनीता की नृशंस हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण की घटना की कड़ी निंदा करती है। यह घटना महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा का एक और जघन्य उदाहरण है, जो राज्य सरकार की महिला सुरक्षा संबंधी नीतियों की पोल खोलती है। जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान आशा ने कहा कि एक मां अपनी बेटी को बचाने के लिए आगे आई, तो उसे मौत के घाट उतार दिया गया। ये न केवल महिलाओं पर अत्याचार है बल्कि जातिवादी मानसिकता और दबंगों के हौसले का प्रतीक है। महिला समिति की जिला सचिव कोशिगन ने बताया कि हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान की सच्चाई पर सवाल उठाते हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि महिला को छेड़ा तो अगले चौराहे पर यमराज खड़े मिलेंगे। जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों को वितरित किए गर्म जैकेट



**कलायत।** कलायत विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी पंडित विनोद निर्मल द्वारा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गर्म जैकेट उपहार स्वरूप भेंट की गई। जनसेवा की भावना से प्रेरित यह कार्यक्रम उनके निवास स्थान पर आयोजित किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सेवा कार्य को विनोद निर्मल ने अपनी बुजुर्ग माता भागवंती और बड़े भाई विजय निर्मल के माध्यम से विधिवत रूप से संपन्न करवाया। जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक और सामाजिक सरोकार की झलक भी देखने को मिली। इस दौरान सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा और विकास खरक मौजूद रहे। निर्मल की तरफ से सुबह के समय सफाई कर्मचारियों को अचानक सौगात को प्राप्त करने का निमंत्रण मिला, जिससे वे उत्साहित नजर आए। निर्मल आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को एक-एक कर गर्म जैकेट प्रदान की गईं। सर्द मौसम में यह उपहार उनके लिए न केवल उपयोगी साबित होगा बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाने वाला है। पंडित विनोद निर्मल ने कहा कि सफाई कर्मचारी किसी भी शहर की रीढ़ होते हैं। वे प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए मेहनत करते हैं।

### लोगों से कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया



**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने शनिवार दोपहर बाद सफीदों रोड पर स्कीम नंबर पांच से रिलायंस स्मार्ट बाजार एरिया तक स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा ये 451वां अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि गंदगी हम फैलाते हैं, वह भी खुले में कूड़ा डाल कर। यदि हम सभी सहयोग करें तो स्वच्छता रह सकती है। हर आदमी ने हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालना चाहिए। जब सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करेंगे तभी स्वच्छता रहेगी। वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को ही देना चाहिए। जब हम खुले में कुड़ा डालना बंद कर देंगे तभी स्वच्छता रहेगी। इसी से हमारा शहर, गांव और देश स्वच्छ होगाए हमारा स्वास्थ्य भी सही रहेगा और हमारे बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। बलबीर श्योकंद, फूल कुमार सैनी, मास्टर जोरा सिंह रेढू, सुजान सिंह पूनिया, हरवीर सिंह, अजय आदि ने योगदान किया।


सीवन। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कृषि वैज्ञानिक। फोटो :हरिभूमि

**खेती में सफलता का आधार उत्तम गुणवत्ता वाला बीज**

**सीवन।** आलू की खेती को अधिक लाभकारी और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से आलू ट्रेनिंग सेंटर (पीटीसी) श्यामगढ़, जिला करनाल एवं केंद्रीय इंटरनेशनल पोटैटो संस्थान की ओर से एक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम सीवन क्षेत्र के प्रगतिशील किसान मनीष मेहता मोजी के फार्म हाउस पर आयोजित हुआ, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आलू की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज, रोग नियंत्रण और आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना रहा। संबंधित विभाग से डॉ. महेंद्र सिंह कादियान, डॉ. दीपा एवं डॉ. कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी मेहता, लविश मेहता एवं जानवी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र सिंह कादियान ने किसानों को संबोधित करते कहा कि आलू की खेती में सफलता का आधार उत्तम गुणवत्ता वाला बीज है। कहा कि यदि किसान वायरस मुक्त, प्रमाणित और जल्दी पैदावार देने वाला बीज लगाते हैं तो उत्पादन के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। डॉ. कादियान ने बताया कि खराब बीज से उत्पादन घटता है और लागत बढ़ जाती है, इसलिए बीज चयन में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### हिसार में दो को पंडित जसराज जयंती का राज्य स्तरीय समारोह

**जींद।** शास्त्रीय संगीत के महान पुरोधा पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर दो फरवरी को उनके पैतृक गांव पीली मंदौरी हिसार में राज्य स्तरीय जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और अलावा सूबे के कई मंत्री व विधायकगण भी पंहुच कर समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। जयंती समारोह को भव्य और यादगार रूप देने को लेकर स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में डूम समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जयंती समारोह के अध्यक्ष ओमप्रकाश मालिया ने की। उनके साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर विशेष रूप से मौजूद रहे।



नरवाना। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**विश्व हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता**

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभाग एवं भारतेंदु परिषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सेवानिवृत्त डॉ संतरो लांबा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस को मनाना केवल भाषा का उत्सव नही बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता का भी उत्सव है। यह विश्व के करोड़ों लोगों की भावनाओं एविचारों और सपनों की अभिव्यक्ति है। मुख्य वक्ता डॉ संतरो लांबा ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस अधिकारिक तौर से 10 जनवरी 2006 से प्रतिवर्ष मनाते आ रहे हैं। हिंदी भाषा का स्वरूप बहुत समावेशी है । इसमें समय.समय पर संस्कृतए प्राकृत, अपभ्रंश, अरबी, फारसी और अंग्रेजी जैसी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करके हिंदी के वैश्विक फलक को जीवन्त और सशक्त बनाए रखा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर हिंदी का बहुतायत प्रयोग सिद्ध करता है कि हिंदी तकनीकी, विज्ञान, व्यापार और सृजनात्मक लेखन आदि हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है।

### कांग्रेस ने वीबीजी रामजी कानून को बताया छलावा



**जींद।** कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने केंद्र की भाजपा सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह फैसला देश के करोड़ों मेहनतकश मजदूरों की मेहनत और सम्मान पर सीधा हमला है। मनरेगा केवल एक योजना नही बल्कि ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा रही है। जिसे समाप्त कर भाजपा सरकार ने आम जनता के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर शनिवार को कांग्रेस के जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में तत्कालीन कांग्रेस द्वारा मनरेगा कानून लागू किया गया था। इस कानून के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी बेरोजगार व्यक्ति को वर्ष में 100 दिन का रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार था। इससे हर साल पांच से छह करोड़ ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार मिलता रहा। जिससे वे अपने परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और इलाज जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी कर पाते थे। भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदल कर विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन अधिनियम (वीबीजी रामजी) कर दिया है। जो देश के लोगों की सामाजिक और धार्मिक भावनाओं के साथ खुला खिलवाड़ है। मौके पर पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश डाहोला, पूर्व चेयरमैन पवन दूहन, रघुबीर भारद्वाज, डा. बलबीर आर्य, कुलवंत लाठर सरपंच, वेदपाल लाठर, संजय जागलान, कमल चौहान, धर्मपाल प्रधान, मदन धनवाल, सुभाष अहलावत, इशाक भट्टी, शिवा चौहान सहित काफी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नहीं नजर आ रही लोहड़ी की रौनक व उत्साह

**राजौंद।** लोहड़ी का पर्व नजदीक आ चुका है। उसके बावजूद भी वर्षों पहले लोहड़ी की रौनक व लोगों में उत्साह दिखाई नही दे रहा है। वर्षों पहले छोटे छोटे बच्चे टोलियां बनाकर लोहड़ी से कई-कई दिन पहले ही घर घर जाकर लोहड़ी मांगते थे, परंतु आधुनिकता की दौड़ के चलते यह सब एक गुजरे जमाने की बातें बनकर रह गई है। लोहड़ी को लेकर महिलाओं व लड़कियों में जो उत्साह पहले था वह भी समाप्त हो चुका है। जिस घर में लड़के का जन्म होता था उस घर में लोहड़ी की धूम काफी दिन पहले ही नजर आने लगती थी। लोहड़ी वाले दिन लड़के व लड़कियां टोलियां बनाकर उस घर के आंगन में लोहड़ी मांगने जाते थे। लोहड़ी के दिन मक्की के भूने हुए दाने व गुड़ एक शगुन के रूप में लोहड़ी मांगने वालों की झोली में डाले जाते थे।

## जाजवान गांव में चलाया जागरूकता अभियान

# नशा युवाओं के भविष्य पर बड़ा खतरा: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नशा आज समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक एवं स्वास्थ्य संकट बन चुका है। यह धीरे-धीरे व्यक्ति की सोच सेहत और भविष्य को बर्बाद कर देता है। खासतौर पर युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है। इसी को देखते स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा मुक्ति को लेकर निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जाजवान में नशा उन्मूलन व जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुशील शर्मा एमपीएचडब्ल्यू ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इसके विभिन्न रूपों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि नशा केवल शराब तक सीमित नहीं है बल्कि इसके कई रूप हैं। इनमें शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, खैनी, पान मसाला जैसे सामान्य नशे शामिल हैं। इसके अलावा स्मैक, चरस, गांजा, अफीम, हेरोइन जैसे मादक पदार्थ अत्यंत घातक होते हैं। आज के समय में कुछ लोग नशीली दवाइयोंए सिरपए इंजेक्शन और गोलियों का भी गलत इस्तेमाल कर रहे हैंए जो जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि नशे के सेवन से लीवर, फेफड़े, हृदय और मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नशे की लत व्यक्ति को मानसिक तनाव, अवसाद और हिंसक व्यवहार की ओर धकेल देती है। इससे पारिवारिक कलह बढ़ती है और आर्थिक स्थिति भी बिगड़ जाती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या है। नशे के कारण अपराधए सड़क दुर्घटनाएं और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।


जींद। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

सुशील शर्मा ने नशा छोडने के इच्छुक लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध नशा मुक्ति केंद्रों और परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग से नशा छोड़ा जा सकता है। इस दौरान मुकेश, धर्मबीर, प्रकाश, रणबीर, मेवा, सतबीर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नए बस स्टैंड पर अब नहीं होगी निजी वाहनों की एंट्री, लगेगा जुर्माना

■ बस स्टैंड प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

यात्रियों की सुविधा व यातायात व्यवस्था सुचारू बनाते हुए हादसों पर रोक लगाने के उद्देश्य से नए बस स्टैंड में शनिवार से निजी वाहनों की एंट्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। रोडवेज प्रशासन ने जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार अब बस स्टैंड में निजी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि कोई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करेगा तो उसे पहली बार चेतावनी दी जाएगी। यदि वाहन चालक फिर भी नहीं माने तो एंट्री करने पर ट्रैफिक पुलिस की मदद से 500 रुपये जुर्माना लगाने का प्रावधान किया जाएगा। हालांकि अभी केवल रोडवेज कर्मियों ने मुख्य गेट से ही वाहनों को वापस भेजा जा रहा है। बस अड्डा प्रभारी सहित चार रोडवेज कर्मियों की ड्यूटी लगाई। निजी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण बस स्टैंड परिसर में आए दिन भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती थी। इससे न केवल यात्रियों को आने-जाने में परेशानी होती थी, बल्कि रोडवेज बसों के संचालन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी।

### नियमों का पालन करने की अपील

यातायात प्रबंधक विपुल कुमार नंदल ने बताया कि बस स्टैंड प्रशासन की आमजन से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अपने निजी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें, ताकि बस स्टैंड परिसर में अव्यवस्था न फैले और यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यदि कोई निजी वाहन चालक फिर भी नहीं मानेगा तो उस पर ट्रैफिक पुलिस की मदद से 500 रुपए के जुर्माना लगाने का फैसला भी जल्द लिया जाएगा। यह फैसला केवल बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों सहित अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर लिया गया है।

*परिवहन समिति बसों की शिकायतें*

# बसों में बुजुर्गों-छात्रों से हो रहा दुर्व्यवहार

**खास बातें**

- परिवहन समिति की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी
- परिवहन आयुक्त हरियाणा चंडीगढ़ से मार्गदर्शन मांगा गया : आरटीए गिरीश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

परिवहन समिति की बसों में विद्यार्थियों व बुजुर्गों के साथ बुरा व्यवहार करने की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं परिवहन समिति के बस संचालकों का कहना है कि विद्यार्थियों व बुजुर्गों के रियायती बस पास पर सफर करने का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट के फैसले के बाद जो निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार यात्रियों को सुविधा दी जाएगी, जबकि रोडवेज बसों में विद्यार्थियों के साथ बुजुर्गों के रियायती पास मान्य हैं। ऐसे में कई बार परिवहन समिति के बस संचालकों और यात्रियों में भी नौक-झोक की स्थिति पैदा हो जाती है। जींद डिपो में लगभग 165 रोडवेज बस हैं, जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। इसके अलावा जींद जिले में परिवहन समिति की 162 बस अलग-अलग लोकल रूटों पर दौड़ रही है। हांसी, असंध, नरवाना, गोहाना और पानीपत जैसे लोकल रूट पर यात्रियों को प्राइवेट बसों का ही आसरा होता है। जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं। राष्ट्रीय युवा अवार्डी सुभाष ढिगाना सहित कई अन्य यात्रियों के साथ परिवहन समिति के बस संचालकों द्वारा बुरा व्यवहार करने और बीच रास्ते में उतारने की शिकायतें आ चुकी हैं। ऐसे में यात्री भी असमंजस की स्थिति में हैं कि जब रोडवेज बसों में उनके पास मान्य है तो परिवहन समिति की बसों में पास मान्य होने चाहिए। परिवहन समिति के प्रधान अजय कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर कोर्ट में केस चला हुआ है।

कोर्ट से जो भी आदेश आएगा वह मान्य होगा। फैसला आने के बाद जो भी निर्देश मिलेंगे उनका पालन किया जाएगा।

**उच्च न्यायालय में केस विचाराधीन**

आरटीए गिरीश कुमार ने बताया कि छात्र, छात्राओं के पास अन्य रियायती सुविधा देने बारे परिवहन समिति संचालकों द्वारा उच्च न्यायालय में केस विचाराधीन है। उच्च न्यायालय का फैसला सर्वमान्य होगा। तब तक विद्यार्थियों को भी चाहिए कि वह धीरज से काम लें। परिवहन समिति की बसों में हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जारी पास को मान्य होने बारे परिवहन आयुक्त हरियाणा चंडीगढ़ से मार्गदर्शन मांगा गया है।


जींद। जींद बस अड्डे पर खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### डा. आंबेडकर वेलफेयर सोसायटी की बैठक आज

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी की आम सभा की बैठक 11 जनवरी को प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड में होगी। प्रधान राजेश पहलवान ने समाज के लोगों से अपील की कि वे बैठक में पहुंचें।

### दयालु योजना बनी गरीबों का सहारा

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को नई पहचान

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। डीसी ने बताया कि योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है।

## गेहूं की फसल के लिए ठंड अच्छी, बारिश हो तो सोने पर सुहागा

# सुबह के समय कड़ाके की ठंड तो दिन में धूप दे रही राहत

**किसान खेतों का प्रतिदिन निरीक्षण करते रहें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पिछले दो दिनों से सुबह के समय कड़ाके की ठंड और फिर दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूर्य देवता के दर्शन दिए जाने से राहत मिल रही है। दिन में अच्छी धूप खिलती है तो आस जागती है कि अगले दिन सुबह ही अच्छी धूप निकलेगी लेकिन हो इसके विपरित रहा है। शाम होते-होते फिर शीत लहर चल पड़ रही है और तापमान में गिरावट आ रही है। शनिवार को भी सुबह कड़ाके की ठंड पड़ी और कुछ समय के लिए धुंध भी रही लेकिन तेज हवा चली और दस बजे के बाद सूर्य देवता बादलों की ओट से निकले। जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। शनिवार को अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ। अधिकतम 13 डिग्री से बढ़ कर 14 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान तीन डिग्री से बढ़ कर चार डिग्री दर्ज किया गया।


जींद। सुबह के समय धुंध के बीच गुजरता हुआ वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों तथा वृद्धों की विशेष देखभाल की सख्त जरूरत

इस समय पड़ रही कडाके की ठंड गेहूं फसल के लिए अच्छी मानी जा रही है। अगर अब बारिश होती है तो यह फसल के लिए सोने पर सुहागा होगी। वहीं अगर मौसम ऐसा ही रहा और सूर्य देवता के प्रतिदिन दर्शन नही हुए तो गेहूं पीली पडनी शुरू हो जाएगी। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि जिस तरह से इस समय मौसम प्रतिदिन करवट ले रहा है, वो बीमारियों के अनुकूल है। ऐसे में बच्चों तथा वृद्धों की स्पेशल देखभाल की जरूरत है। घर से निकलते हुए गरम कपड़े अवश्य पहनें। छोटे बच्चों को खुले में न आने दें। हीटर, अंगीठी, ब्लौर या अन्य गरम उपकरणों का ज्यादा प्रयोग न करें। गरम पानी समय-समय पर पीते रहें।


राजौंद। खेतों में लहराती हुई गेहूं की फसल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### ठंड से मिली निजात

**राजौंद।** शनिवार को सुबह ही सूर्य देव ने दर्शन दिए। जिससे लोगों को ठंड से काफी राहत मिली। ठंड से गेहूं की फसल में अच्छा खासा लाभ बना हुआ है। पिछले 15 दिनों से गेहूं के पौधे में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। पिछले दो दिनों से कुछ समय के लिए धूप निकल रही है। लेकिन ठंडक से राहत नहीं मिलती। शनिवार को सुबह-सुबह सूर्य देवता ने आसमान पर लोगों को दर्शन दिए तो देखते-देखते तेज धूप निकली। जिससे वातावरण गर्म हुआ और लोगों को कुछ हद तक ठंड से काफी राहत मिली। वहीं बाजारों में भी लोगों की चहल-पहल देखने को मिली। उधर किसानों का कहना है की यह मौसम गेहूं की फसल के लिए बिल्कुल अनुकूल बना हुआ है और इस बार बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। राजौद खंड कृषि अधिकारी डा. हरमीत सिंह ने बताया कि मौसम में ठंडक गेहूं फसल के लिए बहुत फायदेमंद है किसान लगातार अपने खेतों का दौरा करते रहें।

# 'पहला कदम फाउंडेशन' ने मनाया विश्व हिंदी दिवस, रखे विचार

■ हर व्यक्ति को अपने देश और संस्कृति से प्रेम होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए राजेश वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

पहला कदम फाउंडेशन ने अपने कार्यालय में विश्व हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में शिक्षाविदों, समाजसेवियों और फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व, उसके प्रचार-प्रसार और समाज में उसकी भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति को अपने देश और उसकी संस्कृति से प्रेम होना चाहिए, और उस प्रेम का सबसे बड़ा प्रतीक उसकी मातृभाषा होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की वास्तविक प्रगति उसकी निज भाषा में ही संभव है। यदि हम अपनी भाषा को भूल जाएंगे, तो अपनी संस्कृति और पहचान से भी दूर हो जाएंगे। इसलिए हिंदी के प्रचार-प्रसार में हर नागरिक को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

राजेश वशिष्ठ ने यह भी कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारतीयता की आत्मा है।

# उचाना खुर्द में 18 जनवरी को होगी देशभक्त किसान चौपाल : सतीश

■ कहा : किसानों से सीधा संवाद, समाधान और सशक्तिकरण पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


सतीश जांगड़ा मंडलध्यक्ष।

भाजपा उचाना मंडलध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि भाजपा किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से देशभक्त किसान चौपाल का आयोजन कर रही है। 18 जनवरी को उचाना खुर्द गांव में इसका आयोजन होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, जिला प्रभारी मदनलाल गोयल मुख्य रूप से पहुंचेंगे।

जांगड़ा ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत किसानों के साथ सीधा संवाद किया जाएगा ताकि खेती और किसानों से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो सके। चौपाल में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य, खाद-बीज बढ़ती लागत, बिजली व सिंचाई व्यवस्था, फसल बीमा, प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान, पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित समस्याएं सीधे पार्टी नेतृत्व के समक्ष रख सकेंगे। चौपाल अभियान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्राकृतिक खेती एवं फसल विविधीकरण की जानकारी देना तथा पात्र किसानों को इन योजनाओं से जोड़ना भी है।

उन्होंने कहा कि किसान चौपाल अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों के साथ निरंतर संवाद और समयबद्ध समाधान की प्रक्रिया है।

# किसानों व कमेरे वर्ग के मसीहा थे दीनबंधु छोटू राम : राजकुमार

■ जाट शिक्षण संस्थान में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। जाट शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी सर छोटू राम को याद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दीनबंधु सर छोटू राम की पुण्यतिथि पर जाट शिक्षण संस्थान में रहबरे आजम दीनबंधु सर छोटू राम की प्रतिमा पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी पदाधिकारी, प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने दीनबंधु सर छोटू राम को याद करते हुए कहा की सर छोटू राम सर्व समाज के लिए आदर्श रहे हैं व हमेशा रहेंगे उन्होंने सर्व समाज की भलाई के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। किसानों को साहूकारों से कर्ज मुक्ति के लिए कानून बनवाए, आम वर्ग के लोगों में जागृति लाने के लिए शिक्षा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यही कारण है कि समाज का हर वर्ग सम्मान भाव के साथ उन्हें याद करता है। इस अवसर पर उन्होंने दीनबंधु सर छोटू राम के आदर्शों व उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# भाजपा शासन के 11 सालों ने युवाओं के सपनों को लूटा : रणदीप सुरजेवाला

■ गांव जांबा में किया युवा मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का गांव जांबा में स्वागत करते ग्रामीण।

पूंडरी हल्के के गांव जांबा में युवा कांग्रेस नेता जस्सा जांबा द्वारा 'युवा मिलन समारोह' आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बड़ी संख्या में जुटे युवाओं को संबोधित करते हुए सुरजेवाला ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर पिछले 11 वर्षों में युवाओं के साथ हुए अन्याय को लेकर तीखी आलोचना की। उन्होंने इसे भाजपा का 'विकसित हरियाणा' नहीं, बल्कि 'बर्बाद हरियाणा' करार दिया।

सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को क्या दिया? जवाब में उन्होंने तीन प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला – नशे का सैलाब, बेरोजगारी की आग और विदेश पलायन की मजबूरी। उन्होंने आरोप लगाया कि इन 11 सालों में भाजपा ने युवाओं के सपनों को लूटा, ठगा और पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि गांव-शहर, गलियां-स्कूल, बस स्टैंड तक ड्रग्स पहुंच गया है। नशा अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी घर-घर पहुंच चुका है।

# डीएवी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने जीते मेडल

■ हर्ष ढांडा ने रजत पदक और मैक दुल ने सिल्वर मेडल जीतकर नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। बाक्सिंग कोच गुरमीत सिंह खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

हरिद्वार में हुई डीएवी बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में आरकेएसडी स्टेडियम बॉक्सिंग सेंटर कैथल से दो खिलाड़ियों ने जीते पदक। गुरमीत सिंह बॉक्सिंग कोच ने बताया कि सेंटर से दो खिलाडी प्रतियोगिता में खेलने गए थे जिसमे हर्ष ढांडा -80 किलोग्राम मे रजत पदक जीत और मैक दुल -30 किलोग्राम बजन मे सिल्वर मेडल जीता। दोनों खिलाडी ओ एस डी ए वी, कैथल के छात्र है।

दोनो खिलाडी सुबह शाम स्टेडियम मे बॉक्सिंग नर्सरी में अभ्यास करते है। इस उपलब्धि के लिए जिला खेल अधिकारी राज रानी, राजेंद्र बॉक्सिंग कोच, विक्रम दुल डीपी,संदीप डीपी, मनोज कुमार, राजकमल ढांडा, सुनील डीपी, मोहिंदर पी टी आई, रंधीर ढांडा,अशोक शर्मा, हरिओम शर्मा,अनूप धीमान, परशोत राय, अमरजीत इंदिरा, गुरनाम ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### आवक बढ़ने से सब्जियों के दाम लुढ़के



**राजौंद।** सर्दियों के इस मौसम में सब्जियों की आवक बढ़ने से सब्जियों के दामों में काफी उतार आया है। जिससे गृहणियों के रसोई के बजट में काफी सुधार हुआ है। इन दिनों मार्केट में मटर के भाव 20 रुपये प्रति किलो हरी मिर्च 50 रुपये, गाजर 15 रुपए प्रति किलो, गोभी 10 रुपए प्रति किलो टमाटर 50 रुपये प्रति किलो, खीरा 30 रुपये किलो अदरक 80 से 100 रुपए किलो तक बिक रहा है, आलू 10 रुपए प्रति किलो प्याज 20 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इसके अलावा दूसरी सब्जियों की कीमतों में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सहयोग देने के लिए ग्राम पंचायत मांझला का जताया आभार

# सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में राजकीय पाठशाला प्रथम

अधिकारियों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन


सीवन। सीवन के गांव मांझला के स्कूल का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण की खंड स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मांझला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय के मुख्य शिक्षक अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खंड स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला मांझला ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय में बच्चों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, साफ-सुथरे शौचालय, हरित वातावरण, किचन गार्डन, विद्यालय परिसर की सुंदरता एवं शैक्षणिक वातावरण जैसे विभिन्न बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें विद्यालय ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। अनिल शर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों को देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने विद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग देने के लिए ग्राम पंचायत मांझला एवं सरपंच माया कौर का विशेष रूप से धन्यवाद किया। विद्यालय की इस सफलता पर एसएमसी प्रधान गुरविंदर सिंह, समाज सेवी बलविंदर सिंह, विनोद कुमार, जगरूप सिंह, परमजीत सिंह, अमरीक सिंह, महिमा सिंह सहित ग्रामीणों, अभिभावकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी।

**इनका रहा सहयोग**

इसके साथ ही मुख्य शिक्षक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सफलता दिलाने में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा का मार्गदर्शन और सहयोग सबसे अधिक रहा। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रेरणा दी, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय को यह सम्मान प्राप्त हुआ। अब यह स्कूल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगा।

### अवैध कॉलोनियों में न खरीदें जमीन

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में कुछ अनधिकृत कालोनियों का विकास बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है, जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है। दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। शहरी क्षेत्र जींद के राजस्व एस्टेट जींद के खसरा नंबर 214//16,25, 230//1, 2, 7, 8, 9, 10, 13, 14, 17/1 और 231//5 में अवैध रूप से विकसित किए जा रहे भूखंडों, प्लाटों के संबंध में किसी भी प्रकार का विक्रय विलेख, विक्रय समझौता, पूर्ण भुगतान समझौता अथवा पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण न करने की अपील की गई है।

